A

SYNOPSIS

OF

# MOHYAL HISTORY

# मोहयाल इतिहास प्रवेशिका

(THIRD EDITION)

*During the ninth and tenth centuries, ancestors of DATT and VAID Mohyals ruled as sovereigns in Eastern Afghanistan and Punjab (astride the Khyber Pass) providing a bulwark against the Muslim arms. India could thus enjoy peace and prosperity during this period.*

*The victor's account of history, during the long Muslim rule, completely suppressed this not-so-pleasant phase when Muslim arms had failed in Afghanistan. That is why the history of Mohyal sovereigns does not figure in text books even today.*

*A brief authentic account of this glorious chapter of Mohyal history is unveiled here.*

**A PRESENTATION OF MOHYAL SABHA, PANCHKULA**

A

SYNOPSIS

OF

# MOHYAL HISTORY

# मोहयाल इतिहास प्रवेशिका

(THIRD EDITION)

LIEUT. GENERAL B. K. N. CHHIBBER
PVSM AVSM VSM (Retd.)

FORMER GOVERNOR PUNJAB &
ADMINISTRATOR CHANDIGARH (UT)



# FOREWORD

Mohyals had a glorious past and they are justifiably proud of their history. Mohyal History, however, remained partially unsupported by recognised proof. There was no authentication of its narrative from any primary sources, acceptable to professional historians. This infirmity has since been removed to a large extent with the publication of the well-researched book **"AFGHANISTAN REVISITED, Brahmana Hindu Shahis of Afghanistan and Punjab (c. 840-1026 CE)" by Sh. R. T. Mohan, published by the General Mohyal Sabha, Delhi in 2010.**

Still, there is need to present this revised version of history in suitable formats, for different sections of our community. I am happy that Sh. R. T. Mohan has compiled this **SYNOPSES OF MOHYAL HISTORY**, in English and Hindi, which can be read in a single sitting. I earnestly suggest that, based on Sh. Mohan's book, other talented members of our community should attempt to present different episodes from our history in the form of interesting stories, in English and/or Hindi, suitable for school going children. This should preferably be in the form of story books and as illustrated pamphlets and comics.

I trust this SYNOPSIS will receive very wide circulation among the Mohyals.

Dated: 01-10-2016

(Lt. Gen. B. K. N. CHHIBBER)
# 74,SECTOR 12,
PANCHKULA (Har.)134112
Ph. 0172-590074, 590674

## VIEWS OF SOME EMINENT HISTORIANS

**Mohyals who are a sub-sect of Sarasvata Brahmanas ...claim with justice and propriety that Jaipal and Anandpal were Mohyal Brahmanas.**

C. V. VAIDYA, *History of Mediaeval Hindu India,* (Poona, 1926) Vol. III, page 21.

**It is not impossible that the Brahmana dynasty of Kabul sprung from a class of Brahamins from which the Muhials may be descended.**

H. A. ROSE, *A Glossary of the Tribes and Castes of the Punjab and North-West Frontier Province* (Census Report of 1883 and 1892).

**Thus Raja Jaipal of Lahore who met Mahmud Ghazni twice in battle was a Muhiyal Brahman.**

T. P. Russel Stracey, *The History of the Muhiyals - The Militant Brahman Race of India* (Lahore,1911).

# A SYNOPSIS
OF
# MOHYAL HISTORY

1. Mohyals are directly descended from Pravar Rishis. The name of their progenitor Rishi is the **gotra** of each caste: Prashar (Bali); Koshal (Bhimwal); Bhrigu (Chhibber); Bhardwaj (Datt); Vasishtha (Lau); Kashyap (Mohan); and Bhardwaj/Dhanwantri (Vaid).

2. At the time of marriage the groom has to identify himself by reciting his own name, the names of his ancestors up to three generations – as also their gotra (gotrachar). This is one of the traditions by which Hindus have kept up the memory of their gotra over the millennia.

3. During the seventh century CE (=AD) a new religion – ISLAM – came up in Arabia. Soon this religion spread conquering with speed and ease Iraq, Syria (635), Egypt (639), Persia (640), Tripolitania (647) – up to the north-west Africa (670). Khurasan and parts of Central Asia (west and north of Koh Hindu Kush) also came under the Arab Caliphate.

4. **Arab failure in Afghanistan**. Southern Afghanistan, south of Koh Hindu Kush, covering the trade route from the border of Iran up to the Khyber Pass, was then ruled by two Hindu states. In spite of strenuous efforts the world conquering Arabs could not subjugate them. A vast Arab Army was destroyed by Rutbil, the Kshatriya Hindu ruler of south-western Afghanistan, in 698. Thereafter the Arabs did not attack this north-western frontier of Hindu India (Al Hind).

5. **Chhibber Rule in Sindh.**The ancestors of the present day Chhibbers – Chach, his brother Chander and son Dahar – ruled over Sindh from 632 to 712 CE. Their kingdom covered a vast region between the borders of Kashmir and Iran. The Arabs repeatedly attacked Sindh by sea and land but could not occupy any Sindhian territory. Frustrated by their dismal failure against Al Hind in Afghanistan, in 712, the Arabs again invaded Sindh, with the full might of the Caliphate. Dahar, the king of Sindh was killed during this **fifteenth** attack by the Arabs. The surrounding Hindu states of Gujrat, Rajasthan and Punjab managed to contain the Arabs within Sindh – but did not try to oust them.

6. Gradually the Arab power waned and the converted Muslims set up independent kingdoms in the eastern Caliphate – the region east of Iran and north-west of Koh Hindu Kush. One of these, the Saffarids, managed to kill Rutbil, the Hindu King of south-western Afghanistan in 870, by treachery, under the ruse of a peace treaty. The western border of the Hindu kingdom of Kabul (south-eastern Afghanistan) thus became the north-western frontier of India.

7. **Datt Rule in Eastern Afghanistan and Vaid Rule in Punjab**. By then, a Brahman dynasty had taken over the kingdom of Kabul. An ancestor of Datts – Samantadeva – was anointed the king of Kabul sometime during that period. After Samantadeva, his son Kamlavarman and grandson Bhimadeva ruled over Kabul with power and glory up to 964. The neighbouring Muslim kingdoms of the Samanids and the Saffarids, which were powerful enough to challenge their master – the Caliph – could not harm our Brahmana sovereigns of Kabul. During the ninth and tenth centuries, while Datts were ruling in Kabul, a Vaid dynasty ruled in Punjab. They were confederates of the Kingdom of Kabul. Flourishing

international trade between Central India and Central Asia, passed through Punjab and Afghanistan, yielding high tax revenues to these states. There was a "balance of power" between these mighty kingdoms: the Pratiharas of Kanauj, the Mohyal Confederacy of Punjab / Kabul and the Samanids of Bukhara.

8. The vast Samanid Kingdom gradually started losing power to its Islamised Turk Grandees, who held all high positions under that administration. Alaptigin, a Hajib or door-keeper, defeated the superior royal army and set up an independent fiefdom at Ghazni. Gradually it gathered more power and broke up the Samanid Kingdom, ceding trans-oxiana region to the Khanates, the other contenders.

9. Meanwhile Bhimadeva, the third Datt ruler of Kabul did not have a male heir and his Kingdom of Kabul was merged with the Kingdom of Punjab. Jayapala, the fifth ruler of the Vaid dynasty of Punjab, thus became the sovereign of a vast region between Sirhind and Kabul.

10. Concerned at the appearance of a powerful Sultanate of Ghazni on his western border, Jayapala attacked Ghazni twice but failed in his mission. He lost the Afghanistan part of his kingdom. The balance of power had tilted in favour of the Turks.

11. Successors of Jayapala, ruling in Punjab, tried their best to block Mahmud Ghaznavi from entering mainland India. The forces of Anandapala, son of Jayapala, advanced and faced the Turkish army at a battlefield, just south of the Khyber Pass. According to the Muslim historian Ferishta, "the battle lasted from morning till evening and the infidels (Hindus) were near getting the victory." But "on a sudden the elephant on which the prince who commanded the Hindus rode, becoming unruly

from the effects of naptha balls and the flights of arrows, turned and fled." This created a panic among the Hindu forces and they lost. Mahmud collected a large army and next attacked in 1014. Bhimapala (Niddar Bhim), son of the king Trilochanpala, advanced and blocked Mahmud's passage behind Marigala Pass (near Rawalpindi), till his vassals could join him. According to Utbi, the official historian of Mahmud Ghaznavi, "the battle raged furiously" but the Turks were victorious. Mahmud occupied the hill fort and capital at Nandana, situated near Katas Raj in the Salt Range, and proceeded towards Kashmir. The next major battle was near the bank of river Tausi (modern Tohi) on the border of Kashmir. In his *Rajatarangini*, Kalhana has given a vivid account of how this battle was lost due to the impetuosity of the commander of Kashmir forces, who had come to help Trilochanapala.

The rule by the Vaid dynasty that had administered Punjab for about two centuries came almost to an end and Punjab was formally annexed to the kingdom of Ghazni after Mahmud's next attack, on Lahore, in 1021.

The Mohyal sovereigns had blocked Mahmud Ghaznavi's passage for a quarter of a century. With that bulwark removed, Mahmud struck repeatedly and looted wealth from the treasuries and temples of India, almost unchecked.

12. **Significance of Rule by Mohyal Sovereigns**. The contribution of Mohyal Brahmanas (known to history as the Brahmana Hindu Shahis) ruling between Sirhind and Kabul has not been properly appreciated. They:

- (i) defended the north-western border of India for almost two centuries; and
- (ii) facilitated international trade between India and west Asia/Europe.

As a result of this, India could enjoy unprecedented peace and prosperity during the ninth and tenth centuries – notwithstanding the tripartite struggle for supremacy between the Gurjara Pratiharas, the Pals and the Rashtrkutas – because India remained unmolested by foreign invasions during this period.

13. A single foe – Mahmud Ghaznavi – destroyed in the beginning of eleventh century, three great kingdoms between the rivers Oxus and Ganga: the Samanids of Khurasan, the Vaid kings of Punjab and the Pratiharas of central India. Anandapala and Trilochanapala, the son and grandson respectively of Jayapala, continued to offer obstinate resistance, ceding only that part of their kingdom which was conquered by Mahmud during that engagement. Four generations of this dynasty valiantly blocked the passage of Mahmud for a quarter of a century. The end was unfortunate but not dishonourable. "We can hardly blame them. The exemplary resolve by the Shahis was conspicuously absent amongst most of their fellow kings." (John Kaey: *India: A History*) As we know, the great empire of the Pratiharas almost withered away after Mahmud's attack on Kanauj, in 1018.

14. India owes a debt of gratitude to these Mohyal sovereigns (The Bulldogs of the Frontiers) for the protective shield they provided. The history of these centuries, as also the momentous events of the earlier period when Hindu India had blunted the thrust of world conquering Arabs in south-western Afghanistan, were completely ignored. The conquerors' version, starting with the raids of Mahmud Ghaznavi, became the standard format of Indian History during the Muslim rule. Unfortunately, the same truncated version continues in our text books till the present time. That is the reason, why you have not come across this history of your noble ancestors in text books.

15. Reverting to history, the Ghaznavids had a long rule in Punjab – in fact it became a place of refuge for some of them. Mahmud died in 1030. A Mohyal prince (nawasa of Jayapala) who was in Mahmud's prison escaped and came to Punjab. He collected fighters from the hill tribes of the Salt Range and attacked Lahore (c. 1043) but could not conquer it even after besieging the capital for seven long months. The Ghurids completely destroyed and displaced the Ghaznavids in Ghazni. Muhammad Ghauri occupied Punjab around 1186. The subsequent history of enslavement of India need not be repeated here.

16. **Formation of Mohyal Castes and Biradari**. The country was in turmoil. The religious, social and political conditions were in a flux. In a cultural upheaval, the four varnas of Hindus (Brahmana, Kshatriya, Vaishya and Shudra) imploded into numerous castes – with each caste having a distinct gotra. Furthermore, clusters of castes bunched together to form inter-marriage fraternities, or *biradaris* – like, Khukhrain, Tyagis, Bhumihars etc. At this stage, in c. 1190, our tribes of Punjabi militant Brahmanas also formed a seven-caste *biradari*, with the caste names Bali, Bhimwal, Chhibber, Datt, Lau, Mohan, Vaid – and MOHYAL as the group-name of their *biradari*. This is the history of the formation of Mohyal fraternity *(and it also applies to all other castes and biradaris in present-day India)*.

17. As stated in the beginning, Mohyals are descended from Rishis. For example, Bhrigu is the primal progenitor of present-day Chhibbers. But it would be incorrect to say that Bhrigu was a Chhibber. This caste, or the very tradition of suffixing caste to one's name, was not in vogue during Bhrigu's

time. Same applies to Chach and Dahar, the kings of Sindh. Like Bhrigu, they were the ancestors of Chhibbers.

Claiming that Chach suffixed the appellation "Chhibber" to his name is *without any supporting evidence in historical records* – apart from being a historical absurdity.

18. In our narration we may have taken the liberty of referring to Chach/Bhimadeva/Jayapala, or their dynasties, as Chhibber/Datt/Vaid, respectively. It is clarified that it has been done to avoid the cumbersome situation of repeatedly referring to them as "*ancestors of* Chhibbers/Datts/Vaid etc."

***So you now understand that as a Mohyal, you are directly descended from the Rishis; ancestors of Mohyals ruled with power and glory over the frontier states of India in the present day Afghanistan and Pakistan (West Punjab, Baluchistan and Sindh); they valiantly defended the frontiers of their mother land for long periods, against the fury of Islamic arms, while our country enjoyed peace and prosperity; in the end, if they lost after obstinate resistance, it was not entirely because of their weakness: bigger (Muslim) kingdoms in the neighbourhood had already succumbed to the same invader(s).***

***Any Mohyal would be proud of this heritage. That is the secret of self-esteem genetically wired in generations of Mohyals. You share that heritage.***

Post Script:

Mohyal History spans several millennia. Foot prints of Mohyals have been traced in history at least during the last thirteen centuries. This is just a synopsis – your introduction to Mohyal History. Obviously, serious readers will have curiosity to know about the credible and authentic supportive historical evidence on which these facts are based. These are available in the book:

***AFGHANISTAN REVISITED: The Brahmana Hindu Shahis of Afghanistan and the Punjab (c. 840-1026 CE).***

It is available from the office of General Mohyal Sabha (Regd.) (A-9, Qutab Institutional Area, U.S.O. Road, Jeet Singh Marg, NEW DELHI: 110067 Tel. 011-26560456), at a highly subsidised price of Rs. 100- only, plus postage.

If you have any further questions/doubts, or want to share any related knowledge, you are welcome to contact me.

**R.T. MOHAN,**
301/D-3, G. H. 79, SANDEEP VIHAR, Sector 20,
PANCHKULA (Haryana): 134116.
e. mail: rtmwrite @yahoo.co.in

मोहयाल प्रवर ऋषियों की संतान हैं. हर जाति का गोत्र उस के पूर्वज ऋषि के नाम से जाना जाता है. मोहयाल जाति के गोत्र ऋषियों के नाम इस प्रकार हैं. बाली (पराशर), भीमवाल (कोशल), छिब्बर (भृगु), दत्त (भरद्वाज), लौ (वसिष्ठ), मोहन (कश्यप), और वैद (भरद्वाज / धनवंत्री).

2. हिन्दू विवाह अब भी प्राचीन विवाह पद्धिति के अनुसार होते हैं. इस अनुष्ठान के दौरान दूल्हे को अपनी पहचान देनी होती है. इसके लिए वह अपना नाम, पिता का नाम, दादा का नाम और अपने कुल का गोत्र घोषित करता है (गोत्रोच्चार). इस प्रकार की परम्पराओं से हिंदुओं ने हजारों वर्ष तक अपने गोत्रों के नाम याद रखे हैं.

3. सातवीं शताब्दी में अरब देश में इस्लाम का प्रादुर्भाव हुआ. शीघ्र ही इराक, सीरिया (635), मिस्र (639), ईरान (640), त्रिपोली (647) और उत्तर–पश्चिम अफ्रीका (670) तक के सब देश इस्लाम धर्मावलंबी अरबों ने जीत लिए. खुरासान और मध्य एशिया के कुछ भाग भी अरब खलीफा के आधीन हो गए.

4. **अफगानिस्तान में अरबों की असफलता**

अफगानिस्तान के मध्य में हिन्दू कुश नाम की पर्वत श्रंखला

है. इस कोह हिन्दू कुश के दक्षिण में, दर्रा खैबर से ईरान की सीमा तक का दक्षिण अफगानिस्तान का भूभाग – काबुल और याबुल – उस समय दो हिन्दू राजाओं के आधीन था. भारत का अंतर्राष्ट्रीय व्यापार इसी मार्ग से हो कर जाता था. भरसक प्रयत्न करने पर भी अरब महान विजेता इन हिन्दू राज्यों पर कब्ज़ा नहीं कर सके. उस समय के दक्षिण–पश्चिमी अफगानिस्तान (याबुल) के (क्षत्रिय) हिन्दू राजा को मुस्लिम इतिहास में "रुतबिल" के नाम से जाना जाता है. रुतबिल ने 698 में एक विशाल आक्रमणकारी अरब सेना को पहाड़ी इलाके में घेर कर पूर्णतया धवस्त कर दिया. उसके पश्चात् अरबों ने दक्षिण अफगानिस्तान पर हमला करने का साहस नहीं किया.

5. **सिंध में छिब्बर राजे**. छछ, उसके भाई चन्दर और बेटे डाहर ने 632 से 712 ई तक सिंध में राज किया. वह आज की मोहयाल छिब्बर जाति के पूर्वज थे. कश्मीर और ईरान की सीमाओं के बीच, उत्तर भारत का एक विस्तृत भूभाग, उनके आधिपत्य में था. अरब, समुद्र तथा भूमि के रास्ते बार बार सिंध पर आक्रमण करते रहे पर उस राज्य के किसी भाग पर कब्ज़ा नहीं कर सके. अफगानिस्तान में अपनी भारी विफलता से हताश हो कर, 712 में खलीफा राज्य की पूरी शक्ति से अरबों ने सिंध पर अपना 15वां आक्रमण किया. सिंध का पराक्रमी राजा डाहर, जो अरबों को कई बार हरा चुका था, इस युद्ध में मारा गया. गुजरात, राजस्थान और पंजाब के पड़ोसी राज्यों ने अरबों को सिंध में ही सीमित रखा पर वहाँ से उन्हें खदेड़ बाहर करने की कोशिश नहीं की.

6. धीरे धीरे अरबों की शक्ति घटने लगी. पूर्व में जो लोग

इस्लाम धर्म के अनुयायी हो गए थे, वह ईरान और कोह हिन्दू कुश के बीच, खुरासान और मध्य एशिया आदि में जहां पहले अरब खलीफा का प्रभुत्व था, वहां अपने स्वतंत्र राज्य स्थापित करने लगे. इनमें से एक सीस्तान के "सफार" राजवंश के याकूब नाम के शासक ने संधि करने के बहाने से 870 में हिंदू राजा रुतबल को छल द्वारा मार डाला. इस प्रकार दक्षिण–पश्चिमी अफगानिस्तान भारत के प्रभुत्व से निकल गया.

7. **पूर्वी अफगानिस्तान में दत्त शासन और पंजाब में वैद शासन**. तब तक काबुल में एक ब्राह्मण वंश का शासन हो गया था. इस समय मोहयाल दत्त वंश के पूर्वज, सामंत देव, काबुल की राजगद्दी पर आसीन थे. सामंत देव के समान ही उनके बेटे कमलवर्मन और पोते भीम देव ने बड़े गौरव और प्रभुता के साथ 960 तक काबुल में राज किया. पड़ोस में "सफार" और "सामानि" मुस्लिम शासक इतने शक्तिशाली थे के वह खलीफा को, जो सब मुस्लिम शासकों का मुखिया माना जाता था, उसको भी चुनौती देने में नहीं चूकते थे. इसके बावजूद वह काबुल के सार्वभौम दत्त राजाओं को कोई हानि नहीं पहुंचा सके. नवीं और दसवीं शताब्दी में जब दत्त काबुल में राज कर रहे थे, उस समय पंजाब में एक वैद (मोहयाल ब्राह्मण) राजवंश का शासन था. वह काबुल राज्य के सहयोगी थे. भारत और मध्यएशिया के बीच भारी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का रास्ता पंजाब और काबुल से हो कर जाता था. इन दोनों राज्यों को करारोपण से बहुत आमदनी होती थी.कन्नौज के प्रतिहर और बुखारा के

सामानि साम्राज्यों के बीच फंसे इन मोहयाल राजवंशों ने पर्याप्त "शक्ति संतुलन" बनाये रखा जिसके कारण इस सारे क्षेत्र में शांति और समृद्धि का वर्चस्व रहा.

8. सामानि शासकों ने तुर्कों का धर्म परिवर्तन करके उनको सैनिक और असैनिक पदों के लिए प्रशिक्षत किया. धीरे धीरे सब उच्च पदों पर तुर्क नियुक्त हो गए. परिणाम स्वरुप शासक निष्प्रभ होते गए और तुर्क अधिकारी सत्ता हथियाने लगे. अलपतिगिन जो पहले एक द्वारपाल था, वह राजसी सेना को परास्त कर के ग़ज़नी का स्वतंत्र शासक बन गया. यही ग़ज़नी राज्य इतना शक्तिशाली हो गया कि अंततः उनके द्वारा सामानि राज्य का विध्वंस हुआ.

9. इसी बीच काबुल के तीसरे दत्त राजा भीमदेव का पुत्र न होने के कारण, उपयुक्त उत्तराधिकारी के अभाव में काबुल के राज्य का पंजाब के साथ विलय हो गया. इस प्रकार पंजाब के वैद राजवंश के पांचवें राजा जयपाल, सरहिंद से काबुल तक के विस्तृत क्षेत्र के सार्वभौम शासक बन गए.

10. राज्य की पश्चिमी सीमा पर स्थित ग़ज़नी में एक नई शक्ति उभर रही थी. उसको कुचलने के लिए जयपाल ने दो बार ग़ज़नी पर आक्रमण किया, पर अपने ध्येय में सफल न हुआ. प्रत्याक्रमण में उसके राज्य का अफगानिस्तान का भाग उसके हाथ से निकल गया.

11. 997 में महमूद, ग़ज़नी के राजसिंहासन पर बैठा. जयपाल के उत्तराधिकारी, जो अभी पंजाब में शासन कर रहे थे,

उन्हों ने भरसक प्रयत्न किये कि महमूद पंजाब में न घुस सके. 1008 में आगे बढ़ कर, जयपाल के बेटे आनन्दपाल ने दर्रा खैबर के दक्षिण में तुर्क सेना को रोकने के लिए महमूद से युद्ध किया. मुस्लिम इतिहासकार "फरिशता" के अनुसार, "सवेरे से शाम तक युद्ध होता रहा और काफर (हिन्दू) जीतने वाले थे लेकिन अचानक ही जिस हाथी पर हिन्दू सेनापति बैठा था वह अग्नि बाणों से बिदक कर बेकाबू हो गया और भाग निकला" इस अकस्मात घटना से हिन्दू सेना में अफरा तफरी मच जाने से वह हार गई.

महमूद ग़ज़नवी ने एक विशाल सेना एकत्र कर के 1014 में पुनः भारत पर आक्रमण किया. उस समय भारत पर आनन्दपाल के बेटे त्रिलोचनपाल का राज था. त्रिलोचनपाल के बेटे भीमपाल ने आगे बढ़ कर (रावलपिंडी के समीप) मारीगल दर्रे के पीछे अपने हाथी और सैनिक नियुक्त कर के तुर्क सेना को रोक दिया. जब उसके सहयोगी सामंत पहुंच गए तब उस ने युद्ध आरम्भ होने दिया. महमूद के अपने इतिहासकार उतबी के अनुसार भीषण युद्ध चलता रहा. महमूद का एक विशेष सेनानायक भीमपाल से लड़ते हुए बहुत ज़ख्मी हो गया. महमूद ने अपने निजी रक्षकों की टुकड़ी भेज कर उस को बचाया. अंततः तुर्क विजयी रहे. महमूद ने आगे बढ़ कर कटासराज के समीप पहाड़ी श्रंखला में स्थित नन्दना नाम के दुर्ग व राजधानी को लूट लिया और त्रिलोचनपाल के पीछे कश्मीर की और बढ़ा. अगला युद्ध कश्मीर की सीमा पर तौसी नदी के तट पर हुआ. *राजतरंगिणी* में कल्हण ने इस युद्ध का सजीव वर्णन किया

है. कश्मीर राज्य का सेनापति "तुंग" त्रिलोचनपाल की सहायता के लिए भेजा गया था, लेकिन त्रिलोचन के परामर्श के विरुद्ध उसकी अविवेकी जल्दबाज़ी से इस युद्ध में हिन्दू पराजित हुए. मोहयाल ब्राह्मणों का वैद राजवंश, जो लगभग दो शताब्दियों तक पंजाब पर शासन कर चुका था, उसका अंत हो गया. 1021 में महमूद के कश्मीर और लाहौर पर हमलों के पश्चात पंजाब, ग़ज़नी का एक प्रांत बना दिया गया और तुर्क गवर्नर नियुक्त होने लगे.

मोहयाल राजे दो तीन दशकों तक दृढ़ संकल्प से महमूद का रास्ता रोके रहे थे. यह बांध टूट जाने पर किसी और हिन्दू राजा ने इस तरह सुलतान महमूद का विरोध नहीं किया. वह लगभग हर वर्ष आकर भारत के राजकोषों और मन्दिरों के चिर संचित धन को लूटता रहा.

## 12. मोहयालों द्वारा शासन का महत्व

दत्त और वैद राजवंश (इतिहास में उनको ब्राह्मण हिन्दू शाही की संज्ञा से जाना जाता है) जिन्हों ने नवीं और दसवीं शताब्दी में सरहिंद से काबुल तक शासन किया, उनके योगदान का इतिहास में सही मूल्यांकन नहीं किया गया. उन्होंने :

1) भारत की पश्चिमोत्तरी सीमा की लगभग दो सौ वर्ष तक रक्षा की ;
2) भारत और पश्चिम एशिया/यूरोप के बीच अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को सुरक्षा और सुगमता प्रदान कर के उसको बढ़ावा दिया

इसके परिणाम स्वरुप भारत पूर्ण शांति और समृद्धि का उपभोग कर सका. विदेशी आक्रमणों का भय न होने से देश के तीन मुख्य राज्य – कन्नौज के प्रतिहर, बंगाल के पाल और दक्षिण के राष्ट्रकूट – आपस में प्रभुता के लिए लड़ते रहे. इस के बावजूद देश समृद्ध रहा.

13. ग्यारहवीं शताब्दी के आरंभ में एक ही शत्रु – महमूद ग़ज़नवी – ने आक्सस (**Oxus**) और गंगा नदियों के बीच तीन साम्राज्यों को ध्वस्त कर दिया. यह थे खुरासान के सामानी, पंजाब के वैद (मोहयाल) और मध्यभारत के प्रतिहर. इन तीनों में से पंजाब के मोहयाल राजाओं ने ही जम कर उसका मुकाबला किया. जयपाल का बेटा आनन्दपाल और पोता त्रिलोचनपाल, साहस और निर्भीकता से सुलतान के साथ लड़ते रहे और उतना क्षेत्र ही तुर्कों के कब्ज़े में जाता था जितना वह उस युद्ध में जीत सके. इस प्रकार शाही कहलाने वाली इस राजवंश की चार पीढ़ियों ने महमूद का रास्ता रोक कर रखा. उनका अंत दुर्भाग्यपूर्ण पर असम्मानजनक नहीं था. "हम उनको दोषी नहीं कह सकते. इन (शाही कहे जाने वाले मोहयाल राजाओं) जैसा दृढ़ संकल्प उस समय के अन्य शासकों में नहीं था." (जान कईय, *इंडिया : ए हिस्ट्री* ) महान प्रतिहार साम्राज्य 1018 में महमूद के कन्नौज पर आक्रमण के पश्चात प्रायः समाप्त हो गया.

14. जैसा कि बताया जा चुका है याबुल और काबुल के राजाओं ने विश्वविजयी अरबों को दक्षिणी अफगानिस्तान में नहीं घुसने दिया. इसके अगले तीन सौ वर्षों तक मुस्लिम

शक्ति दर्रा खैबर पार नहीं कर सकी. इसके लिए राष्ट्र को मोहयाल शासकों का भी आभारी होना चाहिए जिन्होंने सीमा के प्रहरी बनकर देश को एक रक्षात्मक ढाल प्रदान की. परंतु यह ऐतिहासिक तथ्य भारत के इतिहास के संकलन में सामने नहीं आने दिए गये. भारत में मुस्लिम शासन के कारण विजेता का मत ही प्रस्तुत किया गया और मध्यकालीन इतिहास महमूद ग़ज़नवी के हमलों से शरू होता है. दुर्भाग्य वश इतिहास का यह कटा छटा आकार ही अभी तक पाठ्य पुस्तकों में चल रहा है. यही कारण है कि विद्यालयों में इतिहास के पाठन में आपको अपने ओजस्वी पूर्वजों के शासन की कोई जानकारी नहीं मिली.

15. ग़ज़नी राजवंश ने लंबे समय तक (1026–1186) पंजाब पर शासन किया. उन्होंने कई बार ग़ज़नी से भाग कर लाहौर (पंजाब) में शरण ली. 1030 में महमूद का निधन हो गया. एक मोहयाल राजकुमार (सुखपाल) जो जयपाल का नवासा था और महमूद की कैद में था वह मुक्त हो गया. उसने आकर पंजाब की नमक की पहाड़ी श्रंखला क्षेत्र से योद्धा एकत्रित कर के 1043 में लाहौर पर आक्रमण कर दिया. सात महीने तक इस राजधानी को घेरे रखा पर इसे जीत नहीं सका. कुछ समय के पश्चात "ग़ौरी" वंश ग़ज़नी के राजवंश को नष्ट कर ग़ज़नी पर राज़ करने लगा. 1186 में मुहम्मद ग़ौरी ने पंजाब पर भी कब्ज़ा कर लिया. शेष भारत कैसे पराधीन हो गया, उसका यहां वर्णन करने की आवश्यकता नहीं.

## 16. मोहयाल जातियों और बिरादरी का गठन

देश में खलबली मची हुई थी. राजनीतिक अराजकता के साथ धार्मिक और सांस्कृतिक मान्यतायें व परम्परायें भी सुरक्षित नहीं

थीं. विदेशी बर्बर शक्ति से बचाव के लिए जनजीवन में कई फेर बदल किये जा रहे थे. उस समय हिंदुओं के पारम्परिक चार वर्ण (ब्राह्मण, क्षत्री, वैश्य और शूद्र) अनेक जातियों में बट गये. हर एक जाति का अपना पृथक गोत्र था. जातियों की टोलियों ने मिलकर आपस में ही विवाह करने के लिये "बिरादरियां" बना लीं : जैसे खुखराइन, त्यागी, भूमिहर, आदि. उस समय, 1190 में, हमारे पंजाब के शस्त्रधारी सात ब्राह्मण कबीलों ने भी बाली, भीमवाल, छिब्बर, दत्त, लौ, मोहन और वैद नाम से अलग जातियां बना लीं और इस जाति समूह (बिरादरी) को (मुहि + आल) "मुहियाल" की संज्ञा दी.

*इस प्रकार बारहवीं शताब्दी में मोहयाल जातियों और बिरादरी का गठन हुआ.* शेष सभी जातियों और बिरादरियों की रचना भी उसी काल में हुई.

17. जैसे आरंभ में कहा गया है मोहयाल प्रवर ऋषियों के वंशज हैं. उदहारणार्थ, भृगु ऋषि आज के छिब्बरों के मूल पूर्वज थे. परंतु यह कहना कि भृगु छिब्बर थे असंगत और अनुपयुक्त होगा. जाति (caste) की रचना और पहचान के लिये नाम के पीछे जाति लिखने की परम्परा भृगु के समय थी ही नहीं. सिंध के छछ और डाहर राजाओं का भी ऐसा ही था. भृगु के समान वह भी छिब्बरों के पूर्वज थे.

यह कहना कि राजा छछ अपने नाम के साथ "छिब्बर" लिखता था पूर्णतया निराधार है और ऐतिहासिक लेखों में इसका कोई प्रमाण नहीं है. वैसे भी छछ के नाम के

साथ छिब्बर जोड़ना ऐतिहासिक असंगति होगी क्योंकि उसके जीवन काल में भी यह परम्परा नहीं थी.

18. उपरोक्त वृतांत में हम ने छछ / भीमदेव / जयपाल या उनके राजवंशों को छिब्बर / दत्त / वैद कहा होगा. यहां पर यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि यह छूट इस लिए ली गई है कि बार बार "छिब्बर / दत्त / वैद के पूर्वज" न लिखना पड़े.

19. अब आप समझ गए होंगे कि :

**(1) मोहयाल होने से आप प्रवर ऋषयों के वंशज हैं.**

**(2) मोहयालों के पूर्वज बड़े तेज, गौरव और कीर्ति के साथ भारत की सीमाओं – आज के अफगानिस्तान, और पाकिस्तान (पश्चिमी पंजाब, बलोचिस्तान और सिंध) – पर राज करते रहे.**

**(3) दीर्घकाल तक उन्होंने अपनी मातृभूमि की सीमाओं को इस्लामी शक्ति के उन्माद से बचा कर रखा जिससे हमारा देश शांति और समृद्धि का उपभोग कर सका.**

**4) भरसक प्रयत्नों के बावजूद यदि वह अंततः हार गये तो यह उनका दोष नहीं था. पड़ोस के बड़े बड़े मुस्लिम राज्य उसी आक्रमणकारी से पहले ही हार चुके थे.**

**कोई भी मोहयाल इस विरासत पर गर्व करेगा. मोहयालों**

**के परम्परागत आत्मसम्मान का यही रहस्य है. आप भी इस गौरवशाली विरासत के भागीदार हैं.**

20. मोहयाल इतिहास हज़ारों साल पुराना है. इसमें मोहयाल पूर्वजों के पदचिन्हों की पहचान तेरह सौ साल तक हो सकी है. यह उसकी संक्षिप्त रुपरेखा है – आपकी **मोहयाल इतिहास प्रवेशिका**. विचारशील पाठकों को स्वाभाविक ही जिज्ञासा होगी कि वह स्वयं ऐतिहासिक प्रमाण देख सकें जिन पर यह तथ्य आधारित हैं. यह विस्तृत जानकारी अब इस पुस्तक में उपलब्ध है :

**AFGHANISTAN REVISITED: The Brahmana Hindu Shahis of Afghanistan and the Punjab (c. 840-1026 CE)**

यह पुस्तक जनरल मोहयाल सभा दिल्ली के कार्यालय से मात्र एक सौ रूप्ये में मिल सकती है.

आपको कोई संशय या प्रश्न हो या इस विषय पर कोई जानकारी देना चाहते हों तो इस पते पर निसंकोच सम्पर्क कर सकते हैं :

R. T. MOHAN,
301/ D-3, G. H. 79, SANDEEP VIHAR,
Sector 20, PANCHKULA (Haryana)
e. mail : rtmwrite@yahoo.co.in

This knowledge is as much about HISTORY of INDIA as about MOHYAL HISTORY.

Remembering our "glorious past" is our "link" to connect with our younger generations – which are aspirational and knowledge oriented.

If you have enjoyed reading this SYNOPSIS, share this knowledge with other families/youngsters.

You can ask for required number of copies of this booklet from us for free distribution among individuals – as also among groups like Mohyal Milan, Marriage Functions and other Social Gatherings.

# EPILOGUE

For one hundred years, written history of Mohyals has remained a private Gospel of the community. The professional historians (Mohyals included) indexed it as fables and legends because its claims were not supported by any historical sources.

The position has since changed with our authenticated narration in the book ***AFGHANISTAN REVISITED: The Brahmana Hindu Shahis of Afghanistan and Punjab (c. 840-1026 CE).*** Based on intensive research of primary sources like contemporary Arabic/Persian/Sanskrit chronicles, coins and stone inscriptions, it meets the professional canons of research of the discipline of history. Mohyal History is now receiving recognition and acceptability as an interesting sub-chapter of History of India, which was earlier missing from its narration, having been suppressed by foreign rulers.

This Mohyal History book has since been REVIEWED in the following prestigious Journals:

1. THE JOURNAL OF THE UNITED SERVICE INSTITUTION OF INDIA, Vol CXLII, April-June 2012, Pages 307-308.Reviewer: Squadron Leader Rana T S Chhina (Retd.) He is the Secretary and Editor of the Centre for Armed Forces Historical Board Management.

2. ITIHAS DARPAN, Vol. 16(1), April 2011, pages 120-125. Reviewer: Prof. T.P. Verma Ph.D., Editor and former HOD, Department of History, Banaras Hindu University. ITIHAS DARPAN is the Research Journal of Akhil Bhartiya Itihas Sankalan Yojna, New Delhi.

The following Research Papers, based on the text in AFGHANISTAN REVISITED have been published in ITIHAS DARPAN:

3. ORIGIN OF CASTE AND MOHYAL BRAHAMANAS
ITIHAS DARPAN, Vol. XIX(1), April 2014, pages 83-88.

It traces the history of the implosion of the traditional four *Varnas* into numerous castes, bunching together of certain castes to form inter-marriage caste-groups or *Biradaris* (like the Mohyals, Tyagis etc.) and the new tradition of suffixing caste to one's name as a mark of identity. It is based on the earlier research of celebrated historians and thinkers like C. V. Vaidya, Romesh Chander Dutt, A. Kumar Mazumdar, Dr. B. R. Ambedkar and others. (First narrated on pages 187-189 of the book Afghanistan Revisited).

4. THREE GLORIOUS CENTURIES OF HINDU HISTORY: Early Indo-Islamic History (c. 640-1000 CE) of Afghanistan and North-West India.
ITIHAS DARPAN, Vol. XX(1), April, 2015 (Varshapratipada)

It is a summary of the book Afghanistan Revisited, but more detailed than this SYNOPSIS of MOHYAL HISTORY.

The untold story of these centuries had been meticulously kept under the wraps by the foreign rulers and has been missing from history books for a millennium. Mohyal History forms a sub-chapter of this Glorious Chapter of Indian History.

5. Research Paper in Google Search. Origin of castes in Hindu Society.
https://sctes.google.com/scte/ originofcastesinhindusociety/ home/origin

# VANSHAVALI

## THE BRĀHMANA HINDU SHĀHIS OF KABUL AND THE PUNJAB

| | Pāla rulers of the Punjab | Deva Shāhi rulers of Kabul and Gandhāra |
|---|---|---|
| 1 | Bachan Pāla | (1) Kallar alias Spalapati Deva (from c.840 CE) |
| 2 | Ran Singh | (2) Samanta Deva alias Vakka Deva (c. 860-895 CE) |
| 3 | Bir Singh | (3) Kamalavarman (c. 895-921 CE, with a gap of two years. |
| 4 | Prithvī Pāla | (4) Bhīma Deva (c.921-964 CE) |

***Pāla Shāhi* dynasty ruling the combined Kingdom of Kabul and the Punjab**

| | |
|---|---|
| 5 | (5) Jayapāla Deva (c. 964 – 1002 CE) |
| 6 | (6) Ānandapāla (c. 1002 – 1011 CE) |
| 7 | (7) Trilochanapāla (c. 1011 – 1021 CE) |
| 8 | (8) Bhīmapāla (c. 1021 – 1026 CE): Extinction of Shāhi rule) |

**Notes:**

**1.The figures in brackets indicate the order of succession of the Shāhi rulers. The numbers on the extreme left refer to the successive generations of the Pāla clan.**

**2. Samantadeva was not the son of Kallar. Bhimadeva was son of Kamalavarman, who was son of Samantadeva. They were the ancestors of the present-day DATT Mohyals.**

**3.Bhīmapāla was son of Trilochanapāla, who was son of Anandapāla, who was son of Jayapāla, who was son of Prithvipāla. They were the ancestors of present-day VAID caste of Mohyals.**

# THE GLORIOUS MOHYALS

In contemporary history the Mohyal dynasties of Datts and Vaids are identified as the SHAHIS (Brahman Hindu Shahis). Contemporary Chronicles and Stone Inscriptions praise them for their "noble bearing" and powerful sovereign status. Here are a few specimens.

> *The Hindu Shahiya dynasty is now extinct ... We must say that in all their grandeur, they never slackened in the ardent desire of doing that which is good and right, that they were men of noble sentiment and noble bearing.*
>
> **ALBERUNI in *Alberuni's India***

Bhimdeva Shahi was the third and last Datt ruler of Afghanistan

> *By the superior sovereign (param bhattarka) superior king of great kings (maharajadhiraj), and supreme lord (parmeshvara) the Shahi, the illustrious Bhimadeva, who holds the mace (gadahast) and is sprung from Kamlavarman of an illustrious family...*
>
> ***DEWAI STONE INSCRIPTION***

> *To the north of Indus ... there is (a city) by name Udabhanda ... there dwelt the chief of kings, Bhima, of terrible valour, by whom, having conquered the enemy's troops, the earth was protected ... the king of that country is (now) Jayapaladeva ...*
>
> ***HUND SLAB INSCRIPTION***